**निर्देश** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं ।

1. इन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **50** शब्दों में (**एक** या **दो** पंक्तियों में) दीजिए । प्रत्येक प्रश्न **03** अंकों का है । **20 × 3 = 60**

(i) चौदह सितंबर क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

(ii) राजभाषा परिनियमावली के अनुसार 'ख' क्षेत्र के राज्य कौन-कौन हैं ?

(iii) हिन्दी किस लिपि में लिखी जाती है । कृपया नाम बताइए ।

(iv) हिन्दी की तीन मुख्य जनपदीय विभाषाओं के नाम लिखिए ।

(v) हिन्दी की सबसे पुरानी जीवित साहित्यिक पत्रिका का नाम एवं उसके प्रकाशन स्थल का नाम लिखिए ।

(vi) 'एक भारतीय आत्मा' के काव्य का मुख्य प्रतिपाद्य बताइए ।

(vii) मलिक मुहम्मद जायसी की प्रमुख रचना का नाम, उसकी भाषा और लिपि का भी नाम लिखिए ।

(viii) 'द्विभाषी नीति' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ix) राजभाषा आयोग का पदेन अध्यक्ष कौन होता है ?

(x) कबीर की तीन काव्य शैलियों का उल्लेख कीजिए ।

(xi) पृष्ठांकन किसे कहते हैं ?

(xii) 'पारिभाषिक' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

(xiii) 'मुहावरा' और 'कहावत' का अन्तर बताइए ।

(xiv) देशज शब्द किसे कहते हैं ?

(xv) शासकीय और अर्द्ध-शासकीय पत्रों में क्या अन्तर होता है ?

(xvi) 'देवनागरी' लिपि में लिखी जाने वाली तीन भारतीय भाषाओं के नाम बताइए ।



Scanned by CamScanner

